RNI Regd. No. 7756/59

स्वतंत्र सोच, निष्पक्ष अभिव्यक्ति

66 वां वर्ष

# दण्डकारण्य समाचार

जगदलपुर व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

■ जगदलपुर, गुरुवार 09 मई 2024 ■ वर्ष 66 ■ अंक 105 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य 2.00 ■ संस्थापक - स्व. श्री तुषार कांति बोस

## सैम पित्रोदा का ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा

नयी दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भारतीयों की शक्ल-सूरत की तुलना विदेशी मूल के लोगों करने संबंधी बयान से उपजे विवाद के बीच बुधवार को पद से इस्तीफा दे दिया। श्री पित्रोदा ने एक अखबार के साथ साक्षात्कार में देश विभिन्न भागों के निवासियों की तुलना उनके रंग-रूप के आधार पर विदेशी मूल के लोगों से की थी।

कांग्रेस पार्टी ने एक बयान में कहा कि श्री पित्रोदा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।



गौरतलब है कि श्री पित्रोदा साक्षात्कार में उत्तर भारतीयों की चमड़ी की तुलना गोरों से की थी तो पश्चिम भारतीयों की अरब मूल के लोगों से की थी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के लोग चीनियों से और दक्षिण भारत के लोग शक्ल-सूरत में अफ्रीकी मूल के लोगों से मिलते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने श्री पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस पर प्रहार शुरू कर दिया जिससे जबरदस्त राजनीतिक भूचाल पैदा हो गया था। विवाद गहराता देख कांग्रेस ने खुद उनके इस बयान से अलग कर लिया।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक बयान जारी कर कहा, च्च्सैम पित्रोदा की ओर से भारत की विविधता को जो उपमाएं दी गई है वह गलत, दुर्भाग्यपूर्ण हैं और अस्वीकार्य है। कांग्रेस इन उपमाओं से खुद को पूर्ण रूप से अलग करती है और इसका खंडन करती है। देश की राजनीति में मची इस उथल-पुथल के बाद खुद के अकेला पड़ने के बाद श्री पित्रोदा ने ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस ने बयान जारी कर श्री पित्रोदा के इस्तीफे की जानकारी देते हुए कहा, सैम पित्रोदा ने अपनी मर्ज़ी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफ़ा देने का फ़ैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका इस्तीफ़ा स्वीकार कर लिया है।

## बारिश और आंधी से निर्माणाधीन अपार्टमेंट की दीवार ढ्ही, सात लोगों की मौत

हैदराबाद ,08 मई (एजेंसी)। हैदराबाद में मंगलवार शाम बारिश और आंधी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। बारिश और आंधी के कारण कई जगहों पर सड़कों पर जलभराव हो गया, वहीं पेड़ भी उखड़ गए। इस बीच बुधवार को बाचुपल्ली इलाके में भारी बारिश के कारण एक निर्माणाधीन अपार्टमेंट की दीवार गिर गई। इस हादसे में छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के नवापारा के रहने वाले राम यादव, उसकी पत्नी गीताबाई और उसके चार साल के पुत्र हिमांशु समेत सात श्रमिकों की मौत हो गई।घटना मंगलवार शाम की है और मृतक प्रवासी श्रमिक थे जो ओडिशा और छत्तीसगढ़ के निवासी थे।

बचुपल्ली पुलिस के अनुसार, उनके शव बुधवार तड़के एक उत्खननकर्ता की मदद से मलबे के नीचे से बरामद किए गए। मंगलवार को हैदराबाद और तेलंगाना के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे कुछ हिस्सों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि डीआरएफ (आपदा राहत बल) की टीमें



तैनात की गई हैं और शहर में विभिन्न स्थानों पर जमा पानी और गिरे हुए पेड़ों को हटा रही हैं। प्रमुख सचिव (नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास) दानकिशोर ने जीएचएमसी आयुक्त रोनाल्ड रोज के साथ शहर के विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा किया और जमीन पर डीआरएफ टीमों को निर्देश दिए।

### साय ने मजदूरों की मौत पर जताया दुख

रायपुर 08 मई (एजेंसी) राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर उन्होंने लिखा है कि हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में भारी बारिश के चलते निर्माणाधीन इमारत के गिरने से जांजगीर-चांपा जिले के तीन लोगों व ओडिशा के चार मजदूरों सहित सात मजदूरों के निधन की दुःखद खबर प्राप्त हुई। दुःख की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार उनके साथ खड़ी है। जांजगीर-चांपा जिला प्रशासन को हैदराबाद के स्थानीय प्रशासन से सामंजस्य बनाते हुए मृतकों के परिजनों के बारे में जानकारी जुटाकर, आवश्यक सहायता देने के निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

### हाईस्कूल व हायर सेकेंड्री परीक्षा का परिणाम आज

रायपुर, 08 मई (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौ मई को अपराह्न 12=30 बजे मण्डल के सभागृह में परिणाम घोषित किये जायेंगे। परीक्षा परिणाम मण्डल की तीनों वेबसाइट पर जारी किया जायेगा।


### भारतीय वन सेवा परीक्षा के परिणाम घोषित, ऋत्विका पांडे शीर्ष पर

नयी दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)। संघ लोकसेवा अयोग ने बुधवार को भारतीय वन सेवा परीक्षा 2023 के अंतिम परिणामों की घोषणा की जिसमें 147 अभ्यर्थियों की नियुक्ति किए जाने की अनुशंसा की गयी है। इस परीक्षा में पहले पांच स्थानों पर रहे अभ्यर्थियों में क्रमश= ऋत्विका पांडे, काले प्रतीक्षा नानासाहेब, स्वास्तिक यदुवंशी, पंडित शिरीन संजय और विद्ययांशु शेखर झा के नाम हैं। सफल उम्मीदवारों की सूची में 43 सामान्य, 20 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के, 51 अन्य पिछड़ा वर्ग के, 22 अनुसूचित जाति वर्ग के, 11 अनुसूचित जन जाति वर्ग के हैं। इनमें पांच उम्मीदवार दिव्यांग उम्मीदवार हैं। संघ लोकसेवा आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय वन सेवा में सामन्य श्रेणी में 62, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में 15, अन्य पिछड़ा वर्ग में 40, अनुसूचित जाति वर्ग में 22 और अनुसूचित जनजाति में 11 रिक्तियों सहित कुल 150 पद रिक्त हैं।

### थैलेसीमिया से निपटने पर जोर

नयी दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने थैलेसीमिया की समय पर पहचान और रोकथाम के महत्व पर जोर दिया है। श्री चंद्रा ने बुधवार को यहां अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सही समय पर थैलेसीमिया की रोकथाम करके ही इस बीमारी के बोझ को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, थैलेसीमिया से निपटने के लिए समय पर पता लगाना और रोकथाम सबसे प्रभावी रणनीति है।

## अडाणी, अंबानी ने अगर टेम्पो से पैसा भेजा तो इसकी ईडी, सीबीआई से जांच कराएं



♦ राहुल गांधी ने पीएम मोदी को दी चुनौती

नयी दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी कि वह इस बात की जांच सीबीआई या ईडी से कराएं कि क्या उद्योगपति अडाणी और अंबानी ने उनकी पार्टी को ''टेम्पो से पैसा भेजा'' है.

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की उस टिप्पणी पर पलटवार किया, जिसमें मोदी ने एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता पर हमला करते हुए कहा था कि उन्होंने (राहुल) अपने हमलों में अडाणी और अंबानी का नाम लेना क्यों बंद कर दिया है और क्या उन्हें इसके बदले में इन उद्योगपतियों से पैसा मिला है. प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए गांधी ने एक वीडियो संदेश में पूछा कि क्या मोदी उद्योगपतियों द्वारा भेजे जा रहे पैसों के बारे में अपने ''व्यक्तिगत अनुभव'' के आधार पर बोल रहे हैं.

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने दो उद्योगपतियों को जितने पैसे दिए हैं, कांग्रेस पार्टी विभिन्न योजनाओं के जरिए भारत की जनता को उतना पैसा देगी, जिसका पार्टी ने वादा किया है.''उन्होंने दावा किया, ''देश जानता है कि भाजपा के भ्रष्टाचार के टेम्पो का 'ड्राइवर' और 'खलासी' कौन है.''गांधी ने वीडियो संदेश में कहा, ''मोदी जी, क्या आप थोड़ा डरे हुए हैं? आम तौर पर आप बंद कमरे में अडाणी और अंबानी के बारे में बात करते हैं, लेकिन पहली बार आपने सार्वजनिक रूप से अडाणी और अंबानी के बारे में बात की है.''उन्होंने कहा, ''तो आप ये भी जानते हैं कि वे टेम्पो में पैसे देते हैं। क्या यह आपका व्यक्तिगत अनुभव है?'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''एक काम करिये - सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो), ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को उनके पास भेजिये और पूरी जांच करिये.''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही 'अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया' है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें 'गाली देना' बंद कर दिया.

## विदेशी मूल का कांग्रेस नेतृत्व, भारतीयों को विदेशी मूल का साबित करना चाहता है - भाजप

नयी दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा द्वारा भारत के लोगों पर नस्लीय टिप्पणी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंदिर जाने को देश की विविधता एवं एकता के लिए खतरा बताये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया जतायी और कहा कि कांग्रेस जब से विदेशी मूल के नेतृत्व के हाथों गयी है, तब से वह भारत की हर बात विदेशी मूल की साबित करने में लगी है।

भाजपा के प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी और केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सैम पित्रोदा के बयानों को देश को तोड़ने वाला करार दिया और कांग्रेस से इस अपराध के लिए देश से क्षमा याचना करने की मांग की।

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि श्री राहुल गांधी के उस्ताद सैम पित्रोदा ने भारत को लेकर कांग्रेस के उस विचार पर रोशनी डाली है, जिस पर श्रीमती सोनिया गांधी और शागिर्द श्री राहुल गांधी जैसे कांग्रेस के बड़े नेता भरोसा करते हैं। उनके बयान को कांग्रेस का बयान माना जा रहा है क्योंकि गांधी परिवार ने अभी तक उसका खंडन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव अब भारत में विदेशी मानसिकता के असर में काम करने वालों और उन लोगों के बीच एक लड़ाई बन गए हैं, जो आत्मनिर्भरता और आत्म-सम्मान के साथ काम कर रहे हैं।

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि राम मंदिर, रामनवमी और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राम मंदिर दौरे से भारत की विविधता और लोकतंत्र को चुनौती मिल रही है। उन्होंने कहा, च्च्मैं दोहराना चाहता हूं कि ऐसे विदेशी सलाहकारों के विचारों से प्रभावित लोग उस विचार को नहीं समझ सकते, जब प्रधानमंत्री श्री मोदी कहते हैं कि भारत लोकतंत्र की जननी है। वे इसमें क्यों हैं कि हमें सब कुछ विदेशियों द्वारा दिया गया है। उनका बयान देश की मौलिक पहचान के प्रति उनकी अज्ञानता और अवमानना ??को दर्शाता है। जिस संस्कृति के बारे में वे दावा कर रहे हैं कि उसने भारत और लोकतंत्र के विचार को कमजोर कर दिया है, वह संस्कृति लोकतंत्र और विविधता का मौलिक आधार है। बाबरी ढांचे की रक्षा के लिए आप अदालत में खड़े थे और राम मंदिर को बदनाम करने के लिए आप विदेश से खड़े हो गये हैं। उन्होंने कहा, ये कांग्रेस का नेतृत्व विदेशी मूल का क्या हो गया, कांग्रेस सभी भारतीयों का मूल विदेशी में ही ढूंढने लगी। मैं इसे फिर से कह रहा हूं, जब से कांग्रेस का नेतृत्व विदेशी मूल के लोगों ने संभाला, उन्होंने उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में भारतीयों को विदेशी मूल के रूप में देखना शुरू कर दिया।

## तीन चरण की हार से बौखलाए मोदी दे रहे है उल्टे सीधे बयान - कांग्रेस

नयी दिल्ली, 08 मई (एजेंसी) कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अडानी अंबानी का नाम लेना बंद करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोप को गलत बताते हुए कांग्रेस ने कहा है कि श्री गांधी लगातार इन उद्योगपतियों का नाम ले रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री तीन चरण के मतदान में अपनी हार सुनिश्चित देखकर बौखला गए हैं इसलिए उल्टे सीधे बयान दे रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड? ने तंज करते हुए कहा वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा। तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद आज प्रधानमंत्री जी अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं। इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। यही परिणाम के असली रुझान है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा आज नरेंद्र मोदी ने कहा- राहुल गांधी जी अडानी का नाम नहीं ले रहे हैं। सच्चाई ये है- राहुल गांधी जी हर दिन अडानी की बात करते हैं, वे रोज अडानी की सच्चाई आपके सामने रखते हैं, उसका खुलासा करते हैं। उन्होंने आगे कहा च्च्राहुल गांधी रोज बताते हैं कि नरेंद्र मोदी की बड़े-बड़े उद्योगपतियों के साथ सांठ-गांठ है। नरेंद्र मोदी ने अपने मित्रों के 16 लाख करोड़ रुपए माफ कर दिए, लेकिन किसानों का एक रुपए माफ नहीं किया।ज्ज्नरेंद्र मोदी इस बात का जवाब दें..।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा तीन चरणों के चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी इतने बौखला गए कि अडानी-अंबानी के खिलाफ बोलने लगे।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राहुल गांधी जी अडानी-अंबानी का नाम नहीं लेते। सच्चाई ये है कि अप्रैल से अब तक राहुल गांधी जी 103 बार अडानी और 30 बार अंबानी का नाम ले चुके हैं।

## गुजरात के सौराष्ट्र में भूकंप के झटके, घरों से निकले लोग

नईदिल्ली, 08 मई (एजेंसी)। गुजरात के सौराष्ट में तलाला से 12 किमी दूर उत्तरपूर्व में 3.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए. गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि इसकी तीव्रता काफी कम थी. इस दौरान लोग घरों से बाहर आ गए. यह झटके कुछ देर के लिए आए थे. फिलहाल किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है. पिछले साल गुजरात के कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. रिक्टर पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता 3.9 मापी गई थी. इस भूकंप में किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ था.

गुजरात में सबसे बड़ा भूकंप 2001 में आया था. इस भूकंप में हजारों लोगों की जान चली गई थी. यह भूकंप भुज में आया था. 26 जनवरी 2001 के दिन भारत 51 वां गणतंत्र दिवस मना रहा था. सुबह 08:46 बजे ये भूकंप दो मिनट के लिए आया था. इसका केंद्र भारत के गुजरात के कच्छ जिले के भचाऊ तालुका में चबारी गांव के करीब 9 किमी दक्षिण-दक्षिणपश्चिम में था. इसकी तीव्रता 7.7 दर्ज की गई थी. इस भूकंप में 20,023 लोगों की मौत हो गई. वहीं 167,000 लोग घायल हो गए. वहीं करीब 400,000 से अधिक घर नष्ट हो गए.

### आज का इतिहास

1975- पहली विद्युत टंकण मशीन बनायी गयी।
1986-पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे का निधन।
1993- दक्षिण अमेरिकी देश इ्र डोर के नाम्बिजा क्षेत्र में भूस्खलन से तीन सौ लोगों की मौत।
1998- भारतीय गजल गायक और अभिनेता तलत महमूद का निधन।
2004-चेचन्या में एक विस्फोट में वहां के राष्ट्रपति अखमद कादरोव का निधन हुआ।
2009-जैकब जुमा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति बने।
2009- नासा ने चांद पर पानी की खोज के लिए टोही यान भेजा।
2012-अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने समलैंगिक विवाह को समर्थन दिया।

### बहुत खूब




## दुनिया का इकलौता जहाज, जिसकी आवाज से घबरा जाते थे लोग

नई दिल्ली, 8 मई (एजेंसी)। दुनिया में ऐसे कई जेट हैं, जो काफी शोर मचाते हैं. जिनकी आवाज आपको कानफोड़ू लग सकती है. लेकिन आज हम आपको एक ऐसे जहाज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी आवाज इतनी तेज थी कि लोग कांप उठते थे. जब ये स्टार्ट होता था तो ग्राउंड स्टाफ भी कम्बल से कान ढंकने को मजबूर हो जाता था. वास्तव में इसकी आवाज को किसी भी डेसीबल पर कभी रिकॉर्ड नहीं किया, क्योंकि डर था कि कहीं मापने वाला उपकरण ही न टूट जाए.




1955 में अमेरिकी वायु सेना ने ङ्गस्न-84॥ नामक दो जहाज विकसित किए थे. रिपब्लिक एवएिशन ने इसे बनाया. विमान में टर्बोप्रॉप इंजन लगाया गया. क्योंकि ऐसा इंजन बड़े पंखों वाला होता है और बड़ी मात्रा में हवा हटाने में सक्षम होता है. यह कम गति पर विमान को काफी ताकत देता है. यह जल्दी टेकऑफ कर सकता है और जल्दी लैंडिंग भी. इस टरबाइन इंजन में तीन स्टील ब्लेड थे, जो 12 फीट लंबे थे. ये एक तरह से सुपरसोनिक गति से चलते थे. इनके चलने से इतनी तेज आवाज पैदा होती थी कि? 40 किलोमीटर दूर से भी इसे सुना जा सकता था. इनसे निकलने वाली हवा इतनी शक्तिशाली थी कि सामान्य आदमी को तिनके की तरह उड़ा दे. एयर एंड स्पेस मैगजीन में इसके बारे में विस्तार से बताया गया है. लिखा है, एक दिन चालक दल इसे चलाने के लिए कैलिफ़ोर्निया के एडवर्ड्स एयर फ़ोर्स बेस ले गया. इसे उड़ाने वाले दल में शामिल हेनरी बेयर्ड कहते हैं, हमने इसे एक टैक्सीवे के बगल में बांध दिया. जब इसे चलाया गया, तो इसकी आवाज सुनकर चालक दल का प्रमुख बेहोश हो गया. वह फर्श पर अपनी पीठ के बल लेट गया. उसके हाथ-पैर लड़खड़ा रहे थे. वह इतना डर गया था कि कान सुन्न हो गए थे. कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा था.

### देश का पहला ऊष्मा आघात उपचार केंद्र दिल्ली में

नयी दिल्ली, 08 मई (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी के डा राम मनोहर लोहिया अस्पताल में बुधवार को देश का पहला हीट स्ट्रोक- ऊष्मा आघात उपचार केंद्र शुरु किया जिसमें लू लगने से संबंधित बीमारियों से पीड़ति रोगियों को उपचार किया जाएगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में अवर सचिव रोली सिंह ने इस अत्याधुनिक उपचार केंद्र के उद्घाटन करते हुए हुए कहा कि यह गर्मी से संबंधित बीमारियों के जोखिमों से निपटने में गहत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर निदेशक और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रोफेसर अजय शुक्ला भी उपस्थिति रहे।

श्रीमती सिंह ने कहा कि इस उपचार का लक्ष्य गर्मी से संबंधित बीमारियों के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और व्यक्तियों को निवारक कार्रवाई करने के लिए सशक्त बनाना है।

## केजरीवाल की अंतरिम रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनाएगा फैसला

नई दिल्ली,08 मई (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट शराब घोटाले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुना सकता है। बुधवार को जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने खुली अदालत में कहा कि वह सीएम केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के सवाल पर 10 मई को अपना फैसला सुनाएगी।

इससे पहले शीर्ष अदालत ने संकेत दिया था कि वह मौजूदा आम चुनाव को देखते हुए आप नेता को अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकती है।

इसमें कहा गया कि यह एक असाधारण स्थिति है और सीएम केजरीवाल आदतन अपराधी नहीं हैं।



जांच एजेंसी ने अंतरिम राहत देने का विरोध करते हुए कहा था कि यह एक गलत मिसाल कायम करेगा और राजनेताओं के पास सामान्य नागरिकों की तुलना में कोई विशेष अधिकार नहीं है।

यह याचिका दिल्ली हाई कोर्ट के 10 अप्रैल के फैसले के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज हो गई थी। सीएम केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। तब से वो हिरासत में हैं। दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी थी।